शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादकः संजय बघेल

गुरुवार 5 फरवरी 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in • वर्ष : 10 • अंक : 282 • पृष्ठ : 06 • मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan

न्यूज ब्रीफ

कर्नाटक में शख्स की सरेआम हत्या, लाश पर पैर रखकर खड़ा रहा आरोपी

बेलगावी। कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोप है कि मृतक ने करीब 10 साल पहले आरोपी की मां को भगा लिया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी एरय्या मठपति ने 2 फरवरी को बसप्पा होस्मानी (51) पर धारदार हथियार से हमला किया। होस्मानी के शरीर पर करीब 16 वार किए गए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी शव पर पैर रखकर खड़ा रहा। आरोपी ने खुद पुलिस को फोन कर वारदात की जानकारी दी थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु की है।

अनिल अंबानी पर 40,000 करोड़ घोटाले का आरोप

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अनिल धीरुभाई अंबानी ग्रुप केस में सीबीआई-ईडी को निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं। इनकी कंपनी पर 40,000 करोड़ से ज्यादा कथित बैंक धोखाधड़ी का आरोप है। अदालत ने ईडी को जांच टीम बनाने की सलाह दी है।
अनिल अंबानी और उनके ग्रुप को जवाब दाखिल करने के लिए 4 हफ्ते का समय दिया गया है। ईडी ने अब तक इस ग्रुप की 12,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियां अटैच कर रखी हैं। इसमें हाल ही में अटैच की गई 1,885 करोड़ रुपए की संपत्तियां भी शामिल हैं।

पूणे में बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की मां को कार सवार ने टक्कर मारी

पुणे। पुणे में बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की मां को एक कार सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में पूनावाला की मां गंभीर रूप से घायल हो गई। शहजाद पूनावाला ने बताया कि मंगलवार को उनकी मां ड्राइवर और स्टाफ के साथ थी और कार में पेट्रोल भरवाने के दौरान सड़क किनारे खड़ी थी। तभी एक कार ने उन्हें टक्कर मारी और ड्राइवर भाग गया। पूनावाला ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उनकी मां की सर्जरी करवानी पड़ रही है। उन्होंने पुणे सिटी पुलिस और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

राष्ट्रबाण

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री बने

मैतेई सीएम के साथ एक कुकी महिला डिप्टी सीएम की शपथ लेंगी, 356 दिन बाद राष्ट्रपति शासन हटा

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री बने हैं। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने लोकभवन में उन्हें गोपनीयता की शपथ दिलाई। मैतेई समुदाय से आने वाले खेमचंद पूर्व सीएम बीरेन सिंह के करीबी माने जाते हैं। दो डिप्टी सीएम को भी शपथ दिलाई जाएगी। लोधी दिखो नागा समुदाय से आते हैं। कुकी समुदाय से आने वालीं नेमचा किपगेन राज्य की पहली डिप्टी सीएम होंगी। राज्य में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनी है। आज ही राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राज्य में 356 दिन से लगा राष्ट्रपति शासन हटाया है। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा के कारण 9 फरवरी 2025 को तत्कालीन ष्टरूएन. बीरेन सिंह ने इस्तीफा दिया था। इसके 4 दिन बाद, 13 फरवरी 2025 से राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था। वहीं, राज्य के गृह मंत्री के लिए कोंथौजम गोविंदास सिंह का नाम चर्चा में है।

युमनाम खेमचंद बीरेन सिंह के नजदीकी, लेकिन कट्टर मैतेई नहीं

युमनाम खेमचंद सिंग्जामेई क्षेत्र (इंफाल वेस्ट) से भाजपा विधायक हैं। 2017-2022 तक मणिपुर विधानसभा स्पीकर रहे। 2022 में पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की दूसरी सरकार में मंत्री रहे। वे मैतेई समुदाय से आते हैं, जो मणिपुर के घाटी क्षेत्र में बहुसंख्यक हैं। बीरेन सिंह के साथ नजदीकी भी हैं। हाल के महीनों में वे शांति प्रयासों में सक्रिय रहे हैं। मई 2023 हिंसा के बाद दिसंबर 2025 में कुकी बहुल इलाकों और रिलीफ कैंप का दौरा करने वाले वे पहले मैतेई नेता हैं। बीरेन सिंह की तुलना में मध्यमार्गी माने जाते हैं। यही बात इन्हें कट्टर मैतेई लाइन से अलग करती है।

मणिपुर विधानसभा में बीजेपी के अभी 37 विधायक

मणिपुर की 60 सदस्यीय विधानसभा में अभी भाजपा के 37 विधायक हैं। सरकार का कार्यकाल 2027 तक है। हालांकि, राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद विधानसभा निलंबित कर दी गई थी। 2022 के चुनाव में 32 भाजपा विधायक जीते थे। जेडीयू ने छह सीटें जीती थीं, जिनमें से पांच विधायक बाद में भाजपा में शामिल हो गए। अन्य विधायकों में से छह एपीपी से, पांच एनपीपी से, पांच कांग्रेस से, दो कुकी पीपुल्स अलायंस से, एक जनता दल (यूनाइटेड) से और तीन निर्दलीय हैं। एक मौजूदा विधायक के निधन के बाद एक सीट खाली है।

डिप्टी सीएम बनने वाली नेम्चा बीरेन सरकार में मंत्री रह चुकीं

नई सरकार में कुकी-जो समुदाय को संतुष्ट करने के लिए नेम्चा किप्गेन को उपमुख्यमंत्री बनाया जा रहा है। नेम्चा 2017 और 2022 में कुकी बहुल कांगपोकपी से भाजपा की विधायक हैं। बीरेन सिंह के पहले कार्यकाल (2017-2020) में उन्होंने सामाजिक कल्याण एवं सहकारिता मंत्री का पद संभाला। बीरेन सिंह के दूसरे कार्यकाल में वे वाणिज्य एवं उद्योग, वस्त्र एवं सहकारिता विभाग की कैबिनेट मंत्री हैं। मैतेई-कुकी जाति हिंसा के दौरान इम्फाल में उनका सरकारी आवास जला दिया गया था। वे उन 10 कुकी-जो विधायकों में हैं, जिन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों के लिए अलग प्रशासन की मांग की थी।

बैठक में युमनाम खेमचंद सिंह के नाम पर मुहर लगी

3 फरवरी को दिल्ली में मणिपुर भाजपा के विधायक दल की बैठक हुई थी। इसमें भाजपा विधायक युमनाम खेमचंद सिंह को विधायक दल का नेता चुना गया था। 4 फरवरी को एनडीए के घटक दलों के विधायकों की बैठक में सीएम और डिप्टी सीएम के नामों पर मुहर लगी।

विपक्ष के सांसदों का हंगामा, लोकसभा कल तक स्थगित

पीएम मोदी की स्पीच टली; शाम 5 बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने वाले थे प्रधानमंत्री

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे के चलते बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 5 बजे सदन को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। हंगामे के कारण पीएम नरेंद्र मोदी का आज शाम 5 बजे होने वाले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संबोधन भी टल गया। संसद में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में विपक्ष और बीजेपी सांसदों के बीच भी बहस हुई है। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं। वहीं, लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गांधी परिवार और कांग्रेस पर लिखी किताबें और नोट्स दिखाए। उन्होंने कहा इन किताबों में गांधी परिवार और कांग्रेस परिवार की मक्कारी, गद्दारी, भ्रष्टाचार और अय्याशी का जिक्र है। निशिकांत की कोट की गई किताबों में एडविना एंड नेहरू, रेमिनिसेंस ऑफ द नेहरू एज, द रेड साड़ी, एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर समेत दूसरी किताबें और नोट्स दिखाए। आज फिर चेयर की तरफ विपक्षी सांसदों ने पेपर उड़ाए। विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई। सुबह सदन सिर्फ 5 मिनट चला और 12 बजे तक स्थगित हुआ। इसके बाद 12 बजे हंगामा होने पर दोपहर 2 बजे तक और 2 बजे दोबारा शुरू होकर 8 मिनट में ही रुक गया। शाम 5 बजे फिर शुरू होने के बाद भी हंगामे के चलते लोकसभा को कल सुबह 11 बजे तक स्थगित करना पड़ा।

गाजियाबाद-मोबाइल गेम की लत, 3 बहनें 9वीं मंजिल से कूदीं

उम्र 12-14-16 साल; सुसाइड नोट में लिखा- सॉरी मम्मी-पापा, गेम नहीं छोड़ पाएंगे

राष्ट्रबाण | गाजियाबाद | एजेंसी
rashtrabaan.in

गाजियाबाद में तीन सगी बहनों ने नौवीं मंजिल की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात 2 बजे तीनों ने कमरे को अंदर से बंद किया, फिर स्टूल रखकर एक-एक करके बालकनी से छलांग लगा दी। उनकी उम्र करीब 12, 14 और 16 साल है। पिता के मुताबिक, तीनों बेटियों को टास्क-बेस्ड कोरियन लव गेम की लत थी। वे हर वक्त एक साथ रहती थीं। एक साथ नहाती थीं और टॉयलेट जाती थीं। इस कदर गेम की लत थी कि स्कूल भी छोड़ दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा है कि पिता ने उन्हें गेम खेलने से मना किया और फटकार लगाई। इसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया। तीनों बहनें जिस कमरे में सोती थीं, वहां पुलिस को एक डायरी मिली है। इसके 18 पन्नों में सुसाइड नोट लिखा मिला। पुलिस का दावा है कि नोट में लिखा है- ÷मम्मी-पापा सॉरीज्गेम नहीं छोड़ पा रही हूं। अब आपको एहसास होगा कि हम गेम से कितना प्यार करते थे, जिसको आप छुड़वाना चाहते थे। घटना भारत सिटी बी-1 टॉवर के फ्लैट नंबर 907 की है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर आलोक प्रियदर्शी ने बताया- अभी तक की जांच में सामने आया है कि तीनों ने आत्महत्या की है। किन परिस्थितियों में आत्महत्या की गई, इसकी जांच की जा रही है।



पिता ने दो शादियां कीं, शेयर ट्रेडिंग का काम करते हैं

तीनों बच्चियों के नाम निशिका (16), प्राची (14) और पाखी (12) हैं। पिता चेतन गुर्जर ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग का काम करते हैं। वह मूल रूप से दिल्ली के खजूरी के रहने वाले हैं। परिवार में 2 पत्नी, 7 साल का बेटा और चार बच्चियां थीं। साथ में साली भी रहती है। चेतन ने दो शादियां की हैं। पहली पत्नी से बच्चे नहीं होने पर उन्होंने उसकी बहन यानी साली से दूसरी शादी की। दूसरी पत्नी से निशिका और प्राची का जन्म हुआ। इसके बाद पहली पत्नी से भी एक बेटी पैदा हुई। फिर दूसरी पत्नी से एक और बेटी-बेटा भी हुए हैं। जिस फ्लैट में परिवार रहता है, उसमें तीन कमरे और एक हॉल है। घटना के वक्त चेतन दोनों पत्नियों के साथ एक कमरे में सो रहे थे।

एसआईआर पर ममता बोलीं- ईसी बंगाल को निशाना बना रहा

नाम मिसमैच पर दिए नोटिस वापस लिए जाएं; पहली बार किसी सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी

राष्ट्रबाण | कोलकाता | एजेंसी
rashtrabaan.in

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन मामले पर सुनवाई की। जहां राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी वकीलों के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल चुनाव आयोग के निशाने पर है। जो काम 2 साल में होना था, उसे 3 महीने में करवाया जा रहा है। सुनवाई के बाद सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि असली लोग चुनावी सूची में बने रहने चाहिए। ममता की याचिका पर बेंच ने चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी से 9 फरवरी तक जवाब मांगा। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में यह पहला मौका था जब किसी राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री ने कोर्ट में पेश होकर अपनी दलीलें रखीं।

चुनाव आयोग जवाब

इलेक्शन कमीशन ने कहा- राज्य सरकार से बार-बार मांग करने के बाद एसआईआर के काम के लिए पर्याप्त ग्रुप बी अधिकारी नहीं दिए गए। इस कारण माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त करने पड़े। सभी नोटिस में कारण होते हैं। जिनके नाम हटे उन्हें अधिकृत एजेंटों को भी लाने की अनुमति दी गई थी। हमने राज्य सरकार को कई पत्र लिखे हैं कि हमें क्लास 2 अधिकारी दें ताकि ईआरओ को नियुक्त किया जा सके। उन्होंने उस रैंक के लगभग 80 अधिकारी दिए हैं, बाकी निचले रैंक के। इसलिए हमें माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त करने पड़े। गलती उनकी है। माइक्रो ऑब्जर्वर सही तरीके से नियुक्त किए गए हैं। राज्य सहयोग नहीं कर रहा है, तो कोई दूसरा ऑप्शन नहीं है। समय की कोई समस्या नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- सभी नोटिस वापस लेना अव्यावहारिक है। नाम की स्पेलिंग में गड़बड़ी होने पर चुनाव आयोग नोटिस जारी न करे। चुनाव आयोग अपने अधिकारियों को भी निर्देश दे कि वे संवेदनशील रहें। अगर राज्य सरकार ऐसे लोगों की टीम देती है, जो बांग्ला और स्थानीय बोलियां जानते हों, और वे जांच करके चुनाव आयोग को बताएं कि स्थानीय बोली के कारण गलती है, तो इससे मदद मिलेगी।

भारत में बनेंगी 100 नई रिलायंस

- मुकेश अंबानी बोले- एआईसे डरें नहीं, यह नौकरियां देगा; रिलायंस और ब्लैक रॉक में पार्टनरशिप

राष्ट्रबाण | नई दिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैक रॉक के सीईओ लैरी फिंक के बीच आज यानी 4 फरवरी को खास बातचीत हुई। इस दौरान मुकेश अंबानी ने भारतीय अर्थव्यवस्था और नई टेक्नोलॉजी को लेकर बड़ा भरोसा जताया। अंबानी ने कहा कि भारत टेक्नोलॉजी को दुनिया के किसी भी दूसरे देश से बेहतर तरीके से अपनाता है, इसलिए हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से डरने की जरूरत नहीं है। वहीं लैरी फिंक ने भारत के युवाओं को अपने देश पर भरोसा करने और उसी के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। बैंक में पड़ा पैसा नहीं, बाजार में लगा पैसा बढ़ता है मुकेश अंबानी ने भारतीयों को निवेश का मंत्र देते हुए कहा कि हर नागरिक को कंपाउंडिंग (मुनाफे पर मुनाफा) की ताकत का फायदा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैंक अकाउंट में साधारण ब्याज पर पड़ा पैसा कंपाउंडिंग नहीं है। शेयर बाजार में लगा पैसा ही असली कंपाउंडिंग है। एआई से डरें नहीं, यह नौकरियों के नए मौके पैदा करेगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर चर्चा करते हुए अंबानी ने कहा कि भारत तकनीक को दूसरों से बेहतर अपनाता है, इसलिए हमें एआई से डरने की जरूरत नहीं है।

फडणवीस विलय की बातचीत में शामिल नहीं थे, उन्हें कमेंट करने का अधिकार नहीं : शरद पवार

विद्या प्रतिष्ठान में अजित के बेटों से मिले एनसीपी-एसपी चीफ

राष्ट्रबाण | बारामती | एजेंसी
rashtrabaan.in

एनसीपी (एसपी) चीफ शरद पवार ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र के ष्टरू देवेंद्र फडणवीस राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के बीच विलय की चर्चा में शामिल नहीं थे। इसलिए उन्हें इस पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। शरद ने दावा किया कि एनसीपी (एसपी) नेता जयंत पाटिल और उनके भतीजे और एनसीपी चीफ अजित पवार विलय की बातचीत का नेतृत्व कर रहे थे। दरअसल सीएम फडणवीस ने पिछले दिनों कहा था कि अगर एनसीपी मर्जर की बातचीत सच में चल रही होती, तो अजित पवार ने उनके साथ यह बात शेयर की होती। महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी ष्टरू अजित पवार की 28 जनवरी को पुणे जिले के बारामती में प्लेन दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके बाद ही शरद पवार और उनकी पार्टी के नेताओं ने दावा किया था कि विलय के लिए 12 फरवरी की तारीख तय की थी।

अजित पवार के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक कलश यात्रा

एनसीपी यूथ कांग्रेस दिवंगत डिप्टी सीएम और पार्टी प्रमुख अजित पवार के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक कलश यात्रा निकाल रही है। यह यात्रा 4 से 7 फरवरी के बीच देश के चारों कोनों को कवर करेगी। यह यात्रा 14 राज्यों से होकर गुजरेगी। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार की अध्यक्षता में विद्या प्रतिष्ठान में एक बैठक हुई। इसमें अजित पवार के बेटे पार्थ पवार, जय पवार, विजया पाटिल और दूसरे सदस्य शामिल हुए।

केंद्रीय मंत्री को गद्दार बताया, बिट्टू ने कहा- देश के दुश्मनों से लेना-देना नहीं

राहुल ने नरवणे की किताब दिखाई, बोले- पीएम को दूंगा

राष्ट्रबाण | नई दिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

आर्मी चीफ एमएम नरवणे की जिस किताब को लेकर संसद में दो दिन से हंगामा हो रहा है। राहुल गांधी बुधवार को वही किताब लेकर संसद पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर आज पीएम आए तो उन्हें यह किताब दूंगा। राहुल ने किताब का वह पेज खोलकर दिखाया, जिसमें लिखा है कि प्रधानमंत्री ने आर्मी चीफ से कहा था- जो उचित समझो वह करो!। राहुल ने कहा कि सरकार और रक्षा मंत्री कह रहे है कि किताब का अस्तित्व नहीं है। देखिए यह रही किताब। राहुल ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि प्रधानमंत्री आज लोकसभा में आने की हिम्मत करेंगे। अगर प्रधानमंत्री आते हैं तो मैं खुद जाकर उन्हें यह किताब सौंपूंगा, ताकि वे इसे पढ़ सकें और देश को इसके बारे में पता चल सके।

लोकसभा में नरवणे की किताब के अंश पढ़ना चाहते हैं राहुल

लोकसभा में दो दिन से पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक पर हंगामा हो रहा है। इसके चलते कई बार सदन स्थगित हो चुका है। राहुल इस किताब के अंश लोकसभा में पढ़ना चाहते हैं। स्पीकर ओम बिरला ने इसकी इजाजत नहीं दी है।

राहुल ने बीजेपी सांसद को कहा- गद्दार दोस्त

इधर, कांग्रेस के कुछ सांसदों ने बजट सत्र के छठे दिन संसद के मकर द्वार के पास प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान राहुल गांधी ने रवनीत सिंह बिट्टू को पास से गुजरते देखकर कहा कि देखो एक गद्दार आ रहा है, देखिए इसका चेहरा। राहुल गांधी ने हाथ मिलाने की पेशकश करते हुए कहा कि हैलो भाई, मेरे गद्दार दोस्त। चिंता मत करो, आप वापस (कांग्रेस में) आ जाओगे। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने हाथ नहीं मिलाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि देश के दुश्मनों से मेरा कोई लेना-देना नहीं है।

रवनीत सिंह बिट्टू पहले कांग्रेस में थे

रवनीत सिंह बिट्टू 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुए थे। इससे पहले वे तीन बार कांग्रेस सांसद रह चुके हैं। वे पहली बार 2009 में आनंदपुर साहिब से लोकसभा के लिए चुने गए थे। इसके बाद 2014 और 2019 में उन्होंने लुधियाना से जीत हासिल की। 2024 लोकसभा में उन्होंने लुधियाना से पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वारिंग के खिलाफ चुनाव लड़ा और करीब 20 हजार वोटों से हार गए। चुनाव हारने के बावजूद उन्हें केंद्र सरकार में राज्यसभा सदस्य और मंत्री बनाया गया और रेल तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी गई।

बिट्टू ने दो साल पहले राहुल को गद्दार कहा था

यह पहली बार नहीं है जब रवनीत सिंह बिट्टू और राहुल गांधी के बीच बयानबाजी देखने को मिली है। सितंबर 2024 में बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। बिट्टू ने अमेरिका में सिखों को लेकर राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि राहुल गांधी ने सिखों को बांटने की कोशिश की है। सिख किसी पार्टी से जुड़े नहीं हैं। यह चिंगारी लगाने की कोशिश है। राहुल गांधी देश के नंबर वन टेररिस्ट हैं।

जम्मू-कश्मीर में जैश के 2 आतंकियों के एनकाउंटर

उधमपुर में गुफा में छिपे थे, सेना ने ग्रेनेड से उड़ाया; अमेरिकन एम-4 राइफल और एके-47 बरामद

राष्ट्रबाण | उधमपुर | एजेंसी
rashtrabaan.in

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादी गुफा में छिपे हुए थे। सेना ने गुफा को ग्रेनेड से विस्फोट कर उड़ा दिया। एनकाउंटर का वीडियो भी सामने आया है। इसके बाद एक आतंकवादी का शव गुफा के बाहर था, जबकि दूसरे आतंकी का शव गुफा के अंदर काफी गहराई में मिला। इस ऑपरेशन में जैस का टॉप कमांडर रुबानी उर्फ अबू माविया भी मारा गया। वो इलाके में कई साल से सक्रिय था। मुठभेड़ मंगलवार को शाम 4 बजे शुरू हुई थी। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के पास से एम-4 कार्बाइन, एके-47 असॉल्ट राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया है।

ऑपरेशन 'किया' के तहत सेना की कार्रवाई

व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एसआईएफ डेल्टा, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ का यह जॉइंट आपरेशन था। इसके तहत इलाके की घेराबंदी की गई। इसे ऑपरेशन 'किया' नाम दिया गया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 5 फरवरी 2026

बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

सचिव से मारपीट मामला: प्रशासन की चुप्पी से सचिवों में बढ़ी नाराजगी, काम बंद-कलम बंद की तैयारी

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

चिचोली विकासखंड में पदस्थ पंचायत सचिव के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन द्वारा जिला मुख्यालय पर दिए गए तीन दिवसीय अल्टीमेटम का एक दिन बीत जाने के बाद भी दोषी आरोपी के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आने से जिलेभर के पंचायत सचिवों में नाराजगी और असंतोष गहराता जा रहा है। प्रशासन की चुप्पी को लेकर संगठन ने आंदोलन को लेकर अपना रुख और सख्त कर दिया है।

मंगलवार 3 फरवरी को जिला मुख्यालय बैतूल पहुंचकर मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत, नर्मदापुरम के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष देवनाथ बागमरे एवं जिला अध्यक्ष लक्ष्मीचंद अमरुते के नेतृत्व में जिले के दसों विकासखंडों के अध्यक्षों और सैकड़ों पंचायत सचिवों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में दोषी आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी, उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई, पंचायत सचिवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, शासकीय सेवकों के सम्मान और संरक्षण के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करने सहित जनपद पंचायत स्तर पर साप्ताहिक बैठक के स्थान पर मासिक बैठक आयोजित करने और प्रत्येक माह 1 से 5 तारीख के बीच वेतन भुगतान की मांग की गई थी। ज्ञापन सौंपते समय संगठन ने स्पष्ट रूप से तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी थी कि यदि निर्धारित समयसीमा में न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई तो पंचायत सचिव काम बंद-कलम बंद हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। अल्टीमेटम का पहला दिन बीत जाने के बावजूद अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से संगठन में रोष और बेचैनी का माहौल है। प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत ने पूर्व में स्पष्ट किया था कि पंचायत सचिव शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं, ऐसे में उन पर हमला निंदनीय है। वहीं जिला अध्यक्ष लक्ष्मीचंद अमरुते और संभाग के कार्यवाहक अध्यक्ष देवनाथ बागमरे ने कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस आंदोलन के दौरान जिले के दसों ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र गंगारे, विजय मालवी, धनराज बड़ोदे, राजू पंडाग्रे, संतोष लोखंडे, रोशन यादव, राजेन्द्र झरबड़े, नामदेव खाड़े, रामदास बारपेटे, मनोहर बमोरिया सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव उपस्थित रहे। संगठन ने साफ संकेत दिए हैं कि अब निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं और अगला कदम निर्णायक होगा।

छह से आठ फरवरी तक पुरी में आयोजित होगा भामसं का 21वां अखिल भारतीय सम्मेलन

सात फरवरी को 50 हजार कार्यकर्ताओं की विशाल रैली और जनसभा

● बैतूल से मधुकर साबले सहित पांच प्रतिनिधि होंगे सहभागी

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

भारतीय मजदूर संघ का 21वां अखिल भारतीय सम्मेलन 6 से 8 फरवरी तक ओडिशा की पवित्र तीर्थनगरी पुरी में आयोजित होगा। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय अधिवेशन में श्रम जगत के ज्वलंत मुद्दों बदलती तकनीक, पर्यावरणीय चुनौतियां, वैश्वीकरण और श्रम कानूनों के प्रभाव पर गहन विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में देश की श्रम नीति और औद्योगिक भविष्य की दिशा तय करने पर भी चर्चा होगी। भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री पंजाबराव गायकवाड ने बताया कि अधिवेशन में राष्ट्रीय हित और श्रम की महिमा पर विशेष जोर दिया जाएगा। श्रम संहिताओं का प्रभाव, रोजगार के बदलते स्वरूप, ठेका श्रम, गिग वर्क तथा ट्रेड यूनियनों की भूमिका जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा प्रस्तावित है। सम्मेलन में बदलते तकनीकी, आर्थिक, पारिस्थितिक एवं नैतिक परिदृश्य, कार्य-जगत पर प्रभाव और ट्रेड यूनियनों की भूमिका विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित होगी। महिला सहभागिता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में ट्रेड यूनियन आंदोलन में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, चुनौतियां और अवसर विषय पर मंथन किया जाएगा। सात फरवरी को पुरी में 50 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी के साथ विशाल जुलूस और जनसभा आयोजित होगी। विशेष व्याख्यान, उद्योग-वार चर्चाएं, प्रस्ताव पारित करना, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्थानीय विरासत का प्रदर्शन भी कार्यक्रम का हिस्सा रहेगा। देशभर के 28 राज्यों, 4 केंद्रशासित प्रदेशों और 42 औद्योगिक महासंघों के लगभग 2 हजार 500 प्रतिनिधि तथा 12 ब्रिक्स देशों के भ्रातृ संगठनों के प्रतिनिधि अधिवेशन में शामिल होंगे। 400 से अधिक स्वयंसेवक आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं। बैतूल से भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री मधुकर साबले, महेंद्र सिंह ठाकुर, राजेश मंसूरिया, पंजाबराव गायकवाड और चाणक्य राखड़े अधिवेशन में सहभागिता करेंगे।

मालवर में आयोजित सैनिक सम्मेलन में पहुंचेगीं राजमाता फुलवादेवी देवी कांगे

कंगला मांझी सरकार संस्था के सैनिक सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का होगा आगमन

शाहपुर-मालवर-देशावाडी में होंगे कार्यक्रम, चार दिन तक चलेगी बैठक और परिचर्चा

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

श्री मांझी अंतरराष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था नई दिल्ली की शाखा ब्रांच कार्यालय ग्राम मालवर पोस्ट टेमरू तहसील शाहपुर में गुरुवार 7 फरवरी को सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में कंगला मांझी सरकार संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजमाता फुलवादेवी कांगे बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। उनके साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंभदेव कांगे भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, देव नैतिक तथा विभिन्न संस्थागत विषयों पर विस्तृत परिचर्चा की जाएगी।

जिले के प्रभारी जिला अध्यक्ष रामकिशोर धुर्वे ने बताया कि राजमाता फुलवादेवी कांगे 6 फरवरी को शाम 5 बजे घोड़ाडोगरी रेलवे स्टेशन पहुंचेंगी। वहां से शाहपुर स्थित मुस्कान होटल में रात्रि विश्राम करेंगी। 07 फरवरी को प्रातः 11 बजे शाहपुर से ग्राम मालवर के लिए रवाना होंगी, जहां मंचासीन कार्यक्रम में उद्बोधन देंगी। कार्यक्रम के बाद पुनः शाहपुर मुस्कान होटल लौटकर विश्राम करेंगी।

8 फरवरी को सुबह शाहपुर मुस्कान होटल से पुनः ग्राम मालवर पहुंचकर देव पूजा एवं सामाजिक परिचर्चा में भाग लेंगी। शाम को मालवर से वापस शाहपुर मुस्कान होटल आकर रात्रि विश्राम करेंगी। 09 फरवरी को प्रातः 11 बजे अनिल धुर्वे, ग्राम देशावाडी के लिए रवाना होंगी, जहां संस्थागत चर्चा में सहभागिता करेंगी। रात्रि 8 बजे देशावाडी से घोड़ाडोगरी रेलवे स्टेशन के लिए प्रस्थान कर वहां से छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगी। संस्था पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

वार्ड 24 में नपा ने लगाया शिविर, योजनाओं के 8 आवेदन आए

सारनी। संकल्प से समाधान अभियान के तहत बुधवार 4 फरवरी को वार्ड 24 में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न योजनाओं के 8 आवेदन आए। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभ आम लोगों को देने के लिए 12 जनवरी से 15 फरवरी तक संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को वार्ड 22 में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, वार्ड पार्षद अजाबराव धोटे, शिविर प्रभारी जी.एस पांडे, संतोष सोनारिया, राकेश सोनी, निराकार सागर उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित 8 आवेदन प्राप्त हुए। इनका त्वरित निराकरण कराया जा रहा है।

सौहार्दता बिगाड़ने वाले युवक आया पुलिस की गिरफ्त में

सारनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

शहर की फिजा बिगाड़ने का प्रयास करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. बाबा मठादेव के भंडारे को लेकर सोशल मिडिया पर दोनों समुदाय के लोगो को अप शब्दों का इस्तेमाल किया है. जिसको लेकर लोगो मे आक्रोश व्याप्त था. इस मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं अंजुमन कमेटी ने थाना सारनी मे शिकायत कर कारवाही की मांग की थी. इस मामले को पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, स्पष्ट निर्देश दिए गए थे.उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी सारणी सुश्री प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में शहर की सौहार्दता बिगाड़ने वाले युवक अंकित पंडोले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। टीआई जयपाल इवनाती ने बताया कि 20.01.2026 को बाबा मठारदेव मंदिर सारणी में, क्ष्क्ष्क संगठन के द्वारा मठारदेव मेले में भंडारे का आयोजन किया गया था, एवं हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग भंडारे में सम्मिलित हुए थे। इसी बात को लेकर अंकित पंडोले के द्वारा इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो अपलोड करके बाबा मठारदेव की नगरी में मुस्लिम समाज के लोगों को प्रवेश न करने देने जैसे शब्दों का उच्चारण कर, हिंदू भाइयों को गाली-गलौज किया जाकर उकसाने का कार्य किया गया था। पुलिस ने आरोपी अंकित पंडोले के विरुद्ध धारा 299 302 बीएनएस का अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी अंकित पंडोले पिता मनोज पंडोले निवासी बालाजी बिहार कॉलोनी सलैया थाना सारणी को गिरफ्तार किया है. आरोपी को पकड़ने मे टीआई जयपाल इनवाती, चौकी प्रभारी मनोज कुमार उईके, प्रधान आरक्षक-मनोज डेहरिया, आरक्षक -राकेश करपे, आरक्षक -रविमोहन दरशिमा, आरक्षक चालक- नितिन यादव, सैनिक-सुभाष रघुवंशी कि अहम भूमिका रही है.

पैसेंजर बसों में अवैध माल ढुलाई से हादसों का खतरा

कलेक्टर से की सख्त कार्रवाई की मांग

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

पैसेंजर बसों में अवैध रूप से ट्रांसपोर्ट का भारी सामान भरकर संचालन किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सोनाहिल कॉलोनी चक्कर रोड निवासी राहुल नागले ने कलेक्टर से शिकायत कर चिंता जताई है। राहुल नागले ने अपने आवेदन में बताया कि जिले में चलने वाली कई बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक सामान भरा जा रहा है। बस की छत, डिक्की और यहां तक कि यात्री बैठने की जगहों पर भी भारी माल रखा जा रहा है, जिससे बस का संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से घाटों और पहाड़ी मार्गों पर इस तरह से लदी बसें बड़े हादसों का कारण बन सकती हैं। यात्रियों की सुरक्षा को नजरअंदाज कर केवल व्यावसायिक लाभ के लिए यह जोखिम उठाया जा रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है। कई बार यात्रियों द्वारा विरोध करने पर भी बस संचालक और चालक इस ओर ध्यान नहीं देते। इससे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है, जिसमें आम नागरिकों की जान-माल को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। राहुल नागले ने परिवहन विभाग और पुलिस विभाग को निर्देशित कर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

माइक्रोबायोलॉजी की राष्ट्रीय संगोष्ठी में 250 विद्यार्थियों ने सीखी आधुनिक तकनीकें

डीएनए एक्सट्रैक्शन, पीसीआर, इलेक्ट्रोफोरेसिस जैसी मॉलिक्यूलर तकनीकों का दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में बुधवार 4 फरवरी को माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध, नवाचार और वैदिक दृष्टिकोण पर सार्थक मंथन हुआ। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से आए विषय विशेषज्ञों और शोधार्थियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में डीएनए एक्सट्रैक्शन, पीसीआर, इलेक्ट्रोफोरेसिस जैसी मॉलिक्यूलर तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। 250 से अधिक विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को अकादमिक दृष्टि से अत्यंत सफल और सार्थक बना दिया। यह संगोष्ठी प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे की संगठन व्यवस्था में, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अर्चना सोनारे के मार्गदर्शन तथा समन्वयक डॉ. महेन्द्र नावंगे के नेतृत्व में आयोजित की गई। राष्ट्रीय संगोष्ठी का द्वितीय सत्र जूलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बी. डी. नागले की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

अध्यक्षीय उद्बोधन में मिला शोध के लिए प्रेरणास्रोत

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. बी. डी. नागले ने विद्यार्थियों को सूक्ष्मजीवों, माइक्रोबायोलॉजी विषय और माइक्रोस्कोप जैसे उपकरणों के गहन अध्ययन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान में सूक्ष्मजीवों का अध्ययन मानव जीवन, स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सत्र के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए गए तथा वैदिक माइक्रोबायोलॉजी थीम पर मौखिक प्रेजेंटेशन भी हुए।

देशभर से आए शोधार्थियों ने प्रस्तुत किए शोध पत्र

जबलपुर से पधारे शोधार्थियों में सुश्री सृष्टि सैम्युल ने किरटिनोफिलिक फंजाई पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। असिस्टेंट प्रोफेसर वंशिका ठाकुर ने वेजाइनल फंगल इंफेक्शन विषय पर शोध पत्र पढ़ा। बैतूल क्षेत्र से आई रिसर्च स्कॉलर माया सूर्यवंशी ने अस्पताल के आसपास के वातावरण में पाए जाने वाले माइक्रोफ्लोरा पर अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए। प्रेजेंटेशन के दौरान विषय विशेषज्ञों ने शोधार्थियों से प्रश्न पूछे, जिनका विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया।

वैदिक माइक्रोबायोलॉजी और पेटेंट कानून पर विशेष व्याख्यान

इसी क्रम में बैतूल के शासकीय लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हर्षवर्धन यादव ने वैदिक माइक्रोबायोलॉजी और मॉडर्न पेटेंट लॉ विषय पर अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बौद्धिक संपदा अधिकार के अंतर्गत पेटेंट अधिनियम 1970 के नियमों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अपने आविष्कारों और शोध को संरक्षित रखने के तरीके बताए। होम साइंस कॉलेज जबलपुर की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रुचिका यदु ने फंगल इंफेक्शन पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए विभिन्न संवर्धन माध्यमों और फंगस की स्पीशीज की पहचान की विधियां समझाईं।

मॉलिक्यूलर टेक्नीक कार्यशाला में डीएनए से लेकर पीसीआर तक प्रशिक्षण

सीहोर से आए असिस्टेंट प्रोफेसर जूलॉजी डॉ. नितिन बाटन ने विद्यार्थियों को मॉलिक्यूलर टेक्नीक पर आधारित प्रयोग कराए। कार्यशाला में डीएनए एक्सट्रक्शन, पीसीआर एवं इलेक्ट्रोफोरेसिस की विधियों को विस्तार से समझाया गया। इस कार्यशाला में लगभग 250 विद्यार्थियों ने सहभागिता कर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। गवर्नमेंट कॉलेज पानगर जबलपुर की सहायक प्राध्यापक बॉटनी डॉ. ऋचा गुमाश्ता ने सही फंगस स्पीशीज की पहचान, उपचार तथा बायोइन्फॉर्मेटिक्स क्षेत्र में शोध की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

– समापन सत्र में विजेताओं को किया सम्मानित

योग्य कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल आमला तहसील की नई समिति गठित

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल तहसील आमला की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से योग्य और सक्रिय कार्यकर्ताओं को उनकी योग्यता के अनुसार दायित्व सौंपते हुए नई समिति का गठन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही और नव नियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी गईं।

नवगठित समिति में जिला अध्यक्ष संजू यादव, आमला तहसील अध्यक्ष सावन चौहान, तहसील उपाध्यक्ष पवन मस्तकर, तहसील महासचिव अजय नायडू, तहसील सहसचिव सुमित राने एवं तहसील कोषाध्यक्ष बंटी प्रजापति को दायित्व सौंपा गया। वहीं ग्राम अध्यक्ष के रूप में विशाल पाटिल एवं निहाल, अजय को जिम्मेदारी दी गई। नगर इकाई में नगर अध्यक्ष अंकित, नगर उपाध्यक्ष गोल्डी ठाकुर तथा नगर महामंत्री विकल्प ठाकुर को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही वार्ड अध्यक्ष के रूप में दीपक माली, बाला मिश्रा, मोहित, दीपक, मनीष, शैलेन्द्र, रोशन, रितिक, हिमांशु, अमन, चेतन, मयूर, अरुण, रिसिप, तुषार, सुमित एवं आदित्य की सक्रिय भूमिका रही। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 5 फरवरी 2026

शहडोल राष्ट्रबाण

• ब्यौहारी • जयसिंघनगर • सोहागपुर • गोहपारु • बुढार • जैतपुर

शहर में अंक गणित का खेल बना सिरदर्द

सट्टा कारोबार के आगे बेबस होती पुलिस, बर्बादी की ओर युवा पीढ़ी

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

नगर में सट्टे का अवैध कारोबार एक बार फिर तेजी से अपने पैर पसार रहा है। इस अंक गणित के खेल ने न सिर्फ कानून व्यवस्था के लिए चुनौती खड़ी कर दी है बल्कि युवा पीढ़ी को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया है। हालात यह हैं कि सट्टे की लत के चलते कई परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, वहीं अनेक युवक अपराध और आत्मघाती कदमों की ओर बढ़ चुके हैं।दूसरी ओर सट्टा खिलाने वाले माफिया दिन-दूनी रात-चौगुनी तरक्की कर रहे हैं।

कभी कसा था शिकंजा, अब फिर ढीली पड़ती लगाम

एक समय कोतवाली थाना क्षेत्र में सट्टा, जुआ और नशीले कारोबार पर कड़ा पहरा हुआ करता था। उस दौर में अपराधों पर भी खासा नियंत्रण देखा गया था। लेकिन अब यह सब बीते दिनों की बात बनकर रह गया है। सट्टा कारोबार एक बार फिर संगठित तरीके से जड़ें जमा रहा है। सूत्रों के अनुसार यह अवैध धंधा बिना किसी संरक्षण के संभव नहीं है। हालात ऐसे हैं कि कार्रवाई से पहले ही सटोरियों तक सूचना पहुंच जाती है जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

युवाओं पर घातक असर, भविष्य हो रहा तबाह

सट्टे के दलदल में फंसकर युवा कम समय में लाखों रुपए कमाने का सपना देख रहे हैं, लेकिन हकीकत में वे अपना भविष्य बर्बाद कर बैठते हैं। इस खेल में सब कुछ गंवाने के बाद कई युवकों की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि जिले में आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं। वहीं सट्टा खिलाने वाले सौदागर युवाओं को लालच देकर मोटी कमाई कर रहे हैं और बेखौफ अपना नेटवर्क चला रहे हैं।

इन ठिकानों पर धड़ल्ले से चल रहा सट्टा

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इन दिनों करीब आधा दर्जन सट्टा कारोबारियों के ठिकाने खुलेआम संचालित हो रहे हैं। सूत्रों की मानें तो मंजा इतवारी मोहल्ला से लंबे समय से इस धंधे को अंजाम दे रहा है। शुभम पैलेस के पास अंकित और चंदू की जोड़ी बेखौफ अपना ठीहा जमाए हुए है। इसके अलावा पुरानी बस्ती में कुछ बुजुर्ग सटोरियों के सक्रिय होने की भी जानकारी है। पुराने सटोरिये भले ही दिखावे में कारोबार बंद कर चुके हों लेकिन मोबाइल नेटवर्क के जरिए चोरी-छिपे सट्टा चला रहे हैं। वहीं राजेश द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में सट्टा खिलाने की भी चर्चा है।

जीरो से नौ तक का खेल, माफिया हो रहे मालामाल

सट्टा का यह खेल जीरो से नौ नंबर तक चलता है। नेट पर एक ही नंबर आने से बाकी नौ नंबरों की रकम सीधे सट्टा माफियाओं की जेब में चली जाती है। खिलाड़ी को दस के बदले अस्सी मिलने का लालच दिया जाता है लेकिन अधिकांश लोग अपना पैसा गंवा बैठते हैं। यह अवैध कारोबार अब शहर के साथ-साथ बुढ़ार और धनपुरी तक फैल चुका है।

पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

ऐसा नहीं है कि पुलिस इस अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगा सकती। पूर्व में कुछ अधिकारियों ने सट्टे के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया था। लेकिन समय के साथ पुलिस का रवैया फिर ढीला पड़ता नजर आ रहा है। अब देखना यह होगा कि इस बार बड़े खाईवालों पर कार्रवाई होती है या फिर हमेशा की तरह छोटे एजेंट ही बलि का बकरा बनते हैं।

अवैध खनिज परिवहन करने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना देवलोंद पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी के दौरान बुडवा की ओर से बिना नंबर की आयशर ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से रेत लोड कर तेज गति से जाते हुए वाहन को देखा गया। पुलिस द्वारा वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक नहीं रुका और तेज गति से वाहन चलाते हुए मुख्य मार्ग छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। इस दौरान चालक ने जंगल के पास नाले में ट्रॉली पलट दी, जिससे ट्रॉली में लोड रेत आंशिक रूप से नाले में गिर गई। पुलिस द्वारा मौके पर ट्रैक्टर चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अजय वैस पिता देवीदीन वैस उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम झिरिया थाना देवलोंद बताया। चालक से रेत परिवहन से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया लेकिन वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। अपराध प्रमाणित पाए जाने पर बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं ट्रॉली में लोड लगभग आधी ट्रॉली रेत को विधिवत जप्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। चालक का कृत्य धारा 303(2), 317 बीएनएस, 4/21 खनिज अधिनियम तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 130, 177(2), 130(1) एवं 177(3) के अंतर्गत दंडनीय पाया गया। जप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को वैकल्पिक चालक की व्यवस्था कर थाना लाकर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुभाष दुबे के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक सुनीत मिश्रा एवं आरक्षक शिवेश त्रिपाठी की सराहनीय भूमिका से संपन्न हुई।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह के प्रति जागरूक कार्यक्रम हुआ आयोजित

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

महिला एवं बाल विकास विभाग शहडोल द्वारा बाल विवाह रोकथाम के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत बस स्टैंड एवं सब्जी मंडी शहडोल में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम नागरिकों को बाल विवाह रोकथाम, बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल और प्रभावी ढंग से जागरूक किया गया। कलाकारों ने जीवंत अभिनय के जरिए सामाजिक संदेश प्रस्तुत किए, जिसे मौके पर मौजूद नागरिकों ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही बाल विवाह कराने या इसमें सहयोग करने पर निर्धारित दंडात्मक प्रावधानों के बारे में विशेष रूप से अवगत कराया गया। नागरिकों को सहायता के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला, वन स्टॉप सेंटर के प्रतिनिधि, बाल देख-रेख संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बाल विवाह के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना एवं इसे रोकने के लिए सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा मनोदर्पण प्रकोष्ठ की राज्य स्तरीय परामर्श बैठक संपन्न

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय एवं एनसीईआरटी द्वारा मनोदर्पण प्रकोष्ठ तथा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान भोपाल में दो दिवसीय राज्य स्तरीय परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले से चयनित काउंसलर टीम के सदस्य संपूर्णा शुक्ला शासकीय हाई स्कूल पुलिस लाइन, दीप नारायण तिवारी शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा सृष्टि शांडिल्य कार्यकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बुढार ने राज्य स्तर पर सहभागिता की। प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य का हमारे जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा करते हुए अपने अनुभव साझा किए।बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा तंत्र से जुड़े शिक्षकों, काउंसलरों एवं

शैक्षिक प्रशासकों के सहयोग से विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक कल्याण तथा परामर्श व्यवस्था को सशक्त बनाना रहा। प्रदेश भर से लगभग 200 से अधिक प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े व्यावहारिक मुद्दों, चुनौतियों एवं उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री उदय राज सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग संजय गोयल उपस्थित रहे। इसके अलावा संयुक्त निदेशक पीएसएससीआईवीई प्रो. दीपक पालीवाल, प्राचार्य क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल प्रो. शिवकुमार गुप्ता, मनोदर्पण प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. विनोद शनवार, विस्तार शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रो. रत्नमाला आर्य तथा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद दिल्ली से आए मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ भी उपस्थित थे। शासन के आदेशानुसार आगामी दिनों में जिले के विद्यालयों में शिक्षकों के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित मनोदर्पण कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। मनोदर्पण प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. विनोद शनवार ने बताया कि इस प्रकोष्ठ की शुरुआत जुलाई 2020 में की गई थी। पहली कार्यशाला राजस्थान के सीकर में आयोजित हुई थी, जबकि दूसरी कार्यशाला मध्यप्रदेश में संपन्न हुई है।

विद्युत आपूर्ति आज रहेगी बाधित

शहडोल। वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र कोटमा तिराहा में स्थापित 3.15 एम.व्ही.ए. पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य स्वीकृत किया गया है। इसी क्रम में उपकेंद्र में 5 एम.व्ही.ए. क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि के कार्य के चलते आज 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र कोटमा तिराहा में प्रातः 9ः00 बजे से सायं 5ः00 बजे तक बंद रखा जाएगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए आवश्यक सहयोग की अपील की गई है। विभाग ने बताया कि कार्य पूर्ण होने के पश्चात विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी जाएगी।

कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में सुनीं जनसमस्याएं

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने राजस्व, सामाजिक कल्याण, आवास, पेंशन सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं कलेक्टर के समक्ष रखीं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ निराकरण किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई के माध्यम से आमजन को त्वरित राहत प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

अपहृत नाबालिग बालिका सकुशल दस्तयाब, दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

सोहागपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर दुष्कर्म के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।पुलिस ने बताया कि दिनांक 9 जनवरी को शासकीय माता सबरी कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर के प्राचार्य द्वारा थाना में सूचना दी गई कि छात्रावास में अध्ययनरत 15 वर्षीय नाबालिग बालिका दिनांक 08 जनवरी की शाम गणना के दौरान अनुपस्थित पाई गई। छात्रावास एवं संभावित स्थानों पर तलाश के बावजूद बालिका का कोई सुराग नहीं मिल सका। सूचना के आधार पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस द्वारा लगातार प्रयास करते हुए दिनांक 19 जनवरी को नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया। दस्तयाबी के पश्चात बालिका के कथन एवं विवेचना के आधार पर प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं एवं पॉक्सो अधिनियम की धाराएं जोड़ी गईं। प्रकरण में संलिप्त फरार आरोपियों सुजात खान पिता रियाजुद्दीन उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम दूधि, साजिद खान पिता जुमान खान उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम दूधि को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के दो अधिकारियों का गरिमामय सेवानिवृत्ति समारोह हुआ संपन्न

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ सूबेदार (आंकिक) मेघराज आसुदानी भर्ती दिनांक 20.06.1984 एवं उप निरीक्षक जी.डी. तिवारी भर्ती दिनांक 16.04.1984 के सेवानिवृत्त होने पर एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान द्वारा दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों को उनके दीर्घकालीन, अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ सेवाकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। श्री दीवान ने अपने उद्बोधन में कहा कि दोनों अधिकारियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल में पुलिस विभाग

की गरिमा बनाए रखते हुए ईमानदारी, समर्पण एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है, जो युवा पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत है। सम्मान स्वरूप सेवानिवृत्त अधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर, फूल-माला पहनाकर एवं श्रीफल भेंट कर उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखमय भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों के परिजन भी उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम और अधिक भावपूर्ण एवं गरिमामय बन गया। पुलिस परिवार द्वारा दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों के योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा।

चौपाटी से बहने वाले कचरे या ज़हर घोलने की आशंका, जांच के लिए भेजे जाएंगे पानी के नमूने

सिटी टैंक तालाब में मछलियों की सामूहिक मौत, शहर में मचा हड़कंप

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिला मुख्यालय के नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत चौपाटी से सटे सिटी टैंक तालाब में बुधवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तालाब की सतह पर हजारों मरी हुई मछलियां तैरती दिखाई दीं। झूला पुल क्षेत्र के पास स्थित इस तालाब में मछलियों की सामूहिक मौत से पूरे शहर में सनसनी फैल गई और लोग तरह-तरह की आशंकाएं जताने लगे। स्थानीय नागरिकों के अनुसार मंगलवार रात तक तालाब की स्थिति सामान्य थी लेकिन बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर

निकले लोगों ने जब तालाब में बड़ी संख्या में मृत मछलियां देखीं तो देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। मछलियों के सड़ने से क्षेत्र में दुर्गंध फैलने लगी जिससे आसपास के रहवासी भी परेशान नजर आए।नागरिकों का कहना है कि यह तालाब लंबे समय से नगर पालिका की लापरवाही का शिकार रहा है। चौपाटी पर लगने वाले ठेलों, विशेषकर बिरयानी एवं अन्य खाद्य सामग्री बेचने वालों द्वारा निकलने वाला गंदा पानी और कचरा वर्षों से इसी तालाब में छोड़ा जा रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते तालाब का पानी लगातार प्रदूषित होता चला गया। कुछ स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि इतनी बड़ी संख्या में मछलियों की एक साथ मौत सामान्य प्रदूषण से संभव नहीं है और यह किसी शरारती तत्व द्वारा तालाब में ज़हरीला पदार्थ मिलाए जाने का मामला भी हो सकता है। शहर के बीच स्थित तालाब में इस तरह की घटना को पर्यावरण और आमजन की सेहत के लिए गंभीर खतरा बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि तालाब के पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे जाएंगे, जिससे मछलियों की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस घटना को लेकर शहरवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों ने नगर पालिका से मांग की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और सिटी टैंक तालाब को प्रदूषण-मुक्त करने के लिए स्थायी और ठोस कदम उठाए जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

तेल निष्कर्षण व तिलहन प्रसंस्करण इकाइयों को 33 प्रतिशत तक अनुदान

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले में कृषकों एवं कृषि आधारित संगठनों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तेल निष्कर्षण एवं तिलहन प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर अनुदान दिया जाएगा। यह सहायता प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तिलहन योजना के अभिसरण के तहत वर्ष 2025-26 में प्रदान की जाएगी। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास अनुराग पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत 10 टन क्षमता की तेल निष्कर्षण इकाई एवं तिलहन प्रसंस्करण से संबंधित मशीनों व उपकरणों की स्थापना पर परियोजना लागत का 33 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। अनुदान की अधिकतम सीमा ज़9.90 लाख निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना में भूमि एवं भवन की लागत को अनुदान में शामिल नहीं किया जाएगा तथा परियोजना लागत की गणना में भी इसे सम्मिलित नहीं किया जाएगा। तेल एवं तिलहन प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए आवेदन नेशनल एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग फैसिलिटी के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। योजना का लाभ सार्वजनिक उपक्रमों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) एवं शासकीय समितियों द्वारा लिया जा सकेगा।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 5 फरवरी 2026

सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण

...फिर खुला पदम् का पाप !

कनिष्क होटल पर पुलिस की बड़ी दबिश, युगल जोड़े पकड़े गए, पुलिस ने लाइसेंस से लेकर रिकॉर्ड तक खंगाली

सिवनी नगर से सटे सिवनी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कनिष्क होटल एक बार फिर पुलिस कार्रवाई के चलते सुर्खियों में आ गया है। मुखबिर की सटीक सूचना पर कोतवाली पुलिस ने होटल पर छापा मारते हुए बड़ी संख्या में युगल जोड़ों को पकड़ा, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान होटल संचालन में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, वहीं होटल संचालक द्वारा कार्रवाई रुकवाने के तमाम प्रयास भी नाकाम साबित हुए।

कनिष्क होटल : शहर का कथित बदनाम होटल।

पदम् सनोड़िया
कांग्रेस नेता : अवैध रूम कारोबार का कथित नेटवर्क संचालक !

सिवनी | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

सिवनी शहर में कानून-व्यवस्था और सामाजिक मर्यादाओं को लेकर एक बार फिर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। सिवनी कोतवाली अंतर्गत स्थित कनिष्क होटल उस समय चर्चा के केंद्र में आ गया जब पुलिस ने यहां अचानक दबिश देकर बड़ी संख्या में युगल जोड़ों को बरामद किया। यह कार्रवाई उस वक्त की गई जब थाना प्रभारी सतीश तिवारी को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि होटल में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां संचालित हो रही हैं।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने तत्काल पुलिस टीम गठित की और बिना किसी पूर्व सूचना के कनिष्क होटल पर दबिश दी। पुलिस के होटल परिसर में प्रवेश करते ही वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जांच के दौरान कई कमरों में युगल जोड़े पाए गए, जिनसे पूछताछ की गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि होटल संचालक द्वारा न तो नियमों का पालन किया जा रहा था और न ही होटल में ठहरने वालों का समुचित रिकॉर्ड संधारित किया गया था।

थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि होटल के रजिस्टर, आईडी प्रूफ और अन्य दस्तावेजों की जांच में कई गंभीर खामियां पाई गई हैं। कई कमरों में ठहरे लोगों की पहचान से जुड़े कोई वैध दस्तावेज दर्ज नहीं थे। इसके साथ ही होटल के लाइसेंस की वैधता को लेकर भी संदेह सामने आया है। पुलिस ने होटल संचालक से संबंधित सभी दस्तावेज तलब किए हैं और लाइसेंस की विस्तृत जांच की जा रही है।

राजनीति रसूख भी नहीं आया काम

सतीश तिवारी, थाना प्रभारी : कानून सबके लिए बराबर।

दीपक मिश्रा, एएसपी सिवनी : रसूखदारों के रसूख हुए धराशायी, अवैध काम बर्दास्त नहीं।

सूत्रों के अनुसार, कार्रवाई के दौरान होटल संचालक ने अपने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल कर पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने किसी भी प्रकार के दबाव को दरकिनार करते हुए निष्पक्ष रूप से अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया। होटल संचालक कांग्रेस नेता पदम् सनोडिया द्वारा कथित रूप से कार्रवाई रुकवाने के प्रयास किए गए, परंतु पुलिस की सख्ती के आगे उनकी एक न चली। कार्रवाई के दौरान पकड़े गए युगल जोड़ों को पुलिस द्वारा समझाइश दी गई और भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि होटल जैसे सार्वजनिक स्थलों पर नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि यह पहला मामला नहीं है जब सिवनी पुलिस ने इस तरह की कार्रवाई की हो। इससे पूर्व भी शहर के अन्य होटलों में दबिश देकर युगल जोड़ों को पकड़ा गया था और उन्हें समझाइश देकर छोड़ा गया था। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से यह साफ है कि पुलिस अब होटल व्यवसाय में चल रही अनियमितताओं पर कड़ी नजर बनाए हुए है।

सूत्रों का दावा

वहीं, स्थानीय सूत्रों का कहना है कि पुलिस की दबिश से कुछ समय पहले ही कुछ संदिग्ध महिलाएं होटल से निकल चुकी थीं। यदि पुलिस थोड़ी और पहले पहुंच जाती, तो संभवत: किसी बड़े सेक्स रैकेट का खुलासा भी हो सकता था। हालांकि, फिलहाल पुलिस इस पहलू की भी गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्रीय लोगों में संतोष और राहत का माहौल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि होटल में लंबे समय से संदिग्ध आवाजाही बनी हुई थी, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा था। कई बार होटल संचालक को इस संबंध में समझाया भी गया, लेकिन पैसों के लालच में अवैध रूप से कमरे दिए जाते रहे। क्षेत्रीय नागरिकों ने पुलिस की इस निर्भीक कार्रवाई की खुले तौर पर प्रशंसा की है और उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी इस तरह की सख्त कार्रवाइयों से अवैध गतिविधियों पर लगाम लगेगी। कनिष्क होटल पर हुई यह कार्रवाई न सिर्फ होटल संचालकों के लिए चेतावनी है, बल्कि यह भी संदेश देती है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है, चाहे वह कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो।

एएसपी बोले कार्रवाई जरुरी

इस पूरे मामले पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा ने बताया कि जिले के सभी होटलों पर नियमित रूप से चेकिंग की जाती है। होटल संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने होटलों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगवाएं, होटल में ठहरने वाले प्रत्येक ग्राहक से वैध पहचान पत्र लें और उसका रिकॉर्ड रखें। बिना आईडी और संदिग्ध परिस्थितियों में किसी को भी कमरा न दिया जाए। यदि किसी प्रकार की अवैध या आपराधिक गतिविधि की आशंका हो तो तत्काल पुलिस को सूचना देना होटल संचालक की जिम्मेदारी है।

दो बाघ शावक को रेस्क्यू कर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा गया

सिवनी | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

क्षेत्र संचालक पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि विगत 02 फरवरी की रात्रि में ग्रामवासियों द्वारा दक्षिण सिवनी वनमंडल एवं पेंच टाइगर रिज़र्व, सिवनी के वन अमले को सूचना दी गई कि दक्षिण वनमंडल सिवनी के राजस्व ग्राम गोरखपुर में कृषि भूमि के समीप स्थित एक छोटे मंदिर के पास दो बाघ शावक देखे गए हैं। सूचना मिलते ही वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचा। जिज्ञासावश एकत्रित भीड़ को नियंत्रित करते हुए जब स्थल का निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि दोनों बाघ शावक लगभग 7ङ्क8 माह के, भयभीत एवं अत्यधिक कमजोर अवस्था में हैं तथा उन्हें तत्काल गहन देखभाल की आवश्यकता है। बाघ शावकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिना किसी ट्रैंक्विलाइज़ेशन के रात्रि लगभग 2ः30 बजे दोनों शावकों को दो अलग-अलग पिंजरों में सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया गया। इसके पश्चात उन्हें पेंच टाइगर रिज़र्व स्थित पशु चिकित्सालय, खवासा ले जाया गया, जहां उन्हें पर्याप्त भोजन एवं पानी उपलब्ध कराया गया तथा सीसीटीवी निगरानी में विश्राम हेतु रखा गया। उन्होंने बताया कि दिनांक 03 फरवरी 2026 की प्रातः दोनों बाघ शावक स्वस्थ एवं स्थिर पाए गए। मानव प्रभाव (ह्यूमन इम्प्रिंटिंग) से बचाव एवं री-वाइल्डिंग के उद्देश्य से दोनों शावकों को एक साथ परिवहन पिंजरे में रखकर सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व भेजा गया। यह संपूर्ण कार्यवाही वन अमले एवं पशु चिकित्सा दल के समन्वित प्रयासों से शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न हुई, जिससे बाघ शावकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सका।

भारत स्काउट एवं गाइड जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सिवनी द्वारा बताया गया कि जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत विगत दिवस भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ सिवनी की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला चीफ कमिश्नर श्री लालजीराम मीणा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला संघ के नवीन निर्वाचन के संबंध में विस्तृत एवं महत्वपूर्ण चर्चा करते हुए निर्वाचन कार्यक्रम तैयार किया गया। साथ ही स्काउट एवं गाइड जिला संघ से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से दिनांक 04 फरवरी 2026 से 05 मार्च 2026 तक विशेष सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से यह सहमति प्रदान की गई कि स्काउटिंग के सिद्धांतों एवं नियमों का पालन करने वाले इच्छुक व्यक्तियों को सदस्य बनाया जाएगा। सदस्यता अभियान के दौरान स्काउट एवं गाइड की नीति एवं सिद्धांतों में विश्वास रखने वाले व्यक्ति निर्धारित शुल्क जमा कर सदस्यता ग्रहण कर सकेंगे। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत स्काउटिंग गतिविधियों को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने हेतु सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्यों में श्री ललित मिश्रा (सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट, जबलपुर), श्री एम.एस. राहंगडाले (सहायक संचालक), श्री राकेश दुबे (विकासखंड अधिकारी), श्री एस.के. सिंह (प्राचार्य), श्रीमती श्रुति तिवारी (मंडल संयोजक) सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही। -17

डायल 112 की तत्परता से मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक सुरक्षित परिजनों से मिला, मानवीय पहल की सराहना

सिवनी | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

बरघाट नाका, गणेश चौक क्षेत्र में डायल 112 पुलिस सेवा की त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही एक बार फिर सराहना का विषय बनी। दिनांक को दोपहर 15:04 बजे डायल 112 को सूचना प्राप्त हुई कि उक्त क्षेत्र में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक अकेला और असहाय अवस्था में बैठा हुआ है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए डायल 112 टीम ने बिना विलंब किए तत्काल मौके के लिए प्रस्थान किया और मात्र आठ मिनट में, 15:12 बजे घटनास्थल पर पहुँच गई।

मौके पर पहुँचने पर टीम ने पाया कि युवक सुरक्षित अवस्था में है। युवक के पास उसका मोबाइल फोन और कुछ पैसे मौजूद थे, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि वह किसी प्रकार की दुर्घटना या आपराधिक घटना का शिकार नहीं हुआ है। डायल 112 टीम ने पूरी संवेदनशीलता और धैर्य के साथ युवक से बातचीत की और उसके मोबाइल फोन की सहायता से उसके माता-पिता से संपर्क स्थापित किया।

फोन पर बातचीत के दौरान युवक के माता-पिता ने बताया कि उनका बेटा मानसिक रूप से विक्षिप्त है और घर से भटक गया था। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वे युवक को खोजते हुए स्वयं उसे लेने के लिए रवाना हो चुके हैं। युवक की मानसिक स्थिति और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डायल 112 स्टाफ ने उसे अकेला छोड़ना उचित नहीं समझा।

डायल 112 स्टाफ में शामिल आरक्षक नंदकिशोर परतेती एवं पायलट विक्रम सनोडिया ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए युवक को सुरक्षित रूप से थाना कोतवाली पहुँचाया। थाना परिसर में युवक को शांत और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया गया तथा उसके माता-पिता के आने तक उसकी देखरेख की गई।

कुछ समय पश्चात युवक के माता-पिता थाना कोतवाली पहुँचे। पुलिस द्वारा आवश्यक औपचारिकताओं के बाद युवक को पूरी तरह सुरक्षित अवस्था में उनके सुपुर्द किया गया। युवक के पास मौजूद मोबाइल फोन और पैसे भी सुरक्षित रूप से परिजनों को सौंपे गए। अपने बेटे को सकुशल पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और डायल 112 पुलिस टीम की त्वरित कार्यवाही, संवेदनशील व्यवहार के लिए आभार व्यक्त किया।

दो महीने से लापता युवक का शव मिला

बैतूल। बैतूल के शाहपुर में दो महीने से लापता युवक का शव बुधवार को घर के पीछे बाड़ी में मिला। मृतक की पहचान 32 वर्षीय अरविंद प्रजापति के रूप में हुई। पतव्वापुरा का रहने वाला अरविंद पेशे से शेयर ट्रेडर था। शव मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि अरविंद 5 दिसंबर से लापता था। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी लिखवाई थी। वो तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और पिता के निधन के बाद से घर की जिम्मेदारियां संभाल रहा था।

विहिप जिला पदाधिकारी पर हमला करने वाले पकड़ाए

छिंदवाड़ा में खाते सीज कर आरोपी गिरफ्तार, जुलूस निकाल कर कोर्ट में पेश किया

छिंदवाड़ा | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

छिंदवाड़ा में विश्व हिंदू परिषद के जिला रक्षा प्रमुख रविराज पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। बुधवार को परासिया रोड पर जुलूस निकालते हुए न्यायालय में पेश किया। 18 दिसंबर की शाम काले रंग की फोर्ड कार में सवार कुछ युवक एक ढाबे के सामने आकर रुके। किसी बात को लेकर ढाबा संचालकों और कार सवार युवकों के बीच विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। विवाद के दौरान आरोपियों ने चाकूनुमा हथियार निकालकर हमला कर दिया।

हमले में राजा नाम का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे नागपुर रेफर किया गया है। वहीं एक अन्य युवक के चेहरे पर भी गंभीर चोटें आई हैं, जिसका इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है।देहात थाना निरीक्षक जीएस राजपूत ने बताया कि घटना के बाद आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे। वे कभी भोपाल तो कभी इंदौर में छिपते फिर रहे थे। पुलिस ने इनके बैंक खाते सीज कर दिए थे।

मंगलवार को आरोपियों के रावणवाड़ा स्थित घर लौटने की सूचना मुखबिर से मिली, जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433